तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 17 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार 7 मार्च 2026

10 गांव नगूरां की महिलाओं ने बैंक प्रबंधन के खिलाफ....



10 जींद की जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस...



## खबर संक्षेप

### रुपयों के लेन-देन में किया जानलेवा हमला

**जींद।** पिल्लूखेड़ा मंडी में रुपयों के लेने देन की रंजिश के चलते हमला कर व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने घायल के भाई की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। गांव कालवा निवासी सुरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई रमेश पिल्लूखेड़ा मंडी में रहता है।

### कार की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत

**कैथल।** जिले में सड़क हादसों में युवक की मौत हो गई। जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पहला हादसा कांगथली के पास पाबसर रोड पर हुआ, जहां अज्ञात कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सीवन थाना पुलिस ने मृतक के भाई गुहला वार्ड नंबर-11 निवासी संजीव की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

### मकान से जेवर चोरी पांच पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव बोहतवाला में चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोने व चांदी के जेवरात व अन्य सामान को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पुलिस ने पांच युवकों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव बोहतवाला निवासी सुमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ समय के लिए बाहर चला गया था।

### बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** जींद बाईपास नाका के पास एक बाइक की टक्कर से किसान घायल हो गया। घायल को पहले कैथल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। मामले में सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर के डिफेंस कॉलोनी कैथल निवासी सुरेंद्र सिंह (50) ने बताया कि वह किसान है।

### भाजपा का दीन दयाल महाप्रशिक्षण कैंप आज

**उचाना।** सात मार्च को दीन दयाल महाप्रशिक्षण शिविर कसूहन गांव के चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित होगा। कसूहन मंडल के कार्यकर्ता इसमें हिस्सा लेंगे। भाजपा कसूहन मंडल के अध्यक्ष संजय चहल ने बताया कि मंडल स्तर पर भाजपा अपने कार्यकर्ताओं के लिए शिविर आयोजित कर रही है। दीन दयाल महाप्रशिक्षण शिविर के माध्यम से भाजपा अपने 14 करोड़ कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देगी।

### लंबित शिकायतों को हल करने के निर्देश

**जींद।** समाधान प्रकोष्ठ से संबंधित शिकायतों के निपटान को लेकर शुक्रवार को डीसी मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में सीटीएम मोनिका रानी ने लघु सचिवालय में समीक्षा बैठक ली। अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटान सुनिश्चित किया जाए।

### बाड़े से दो भैंस-कटड़ी चोरी, शिकायत दर्ज

**जींद।** बड़ौद से बीती रात चोरों ने पशुबाड़े से दो भैंस तथा एक कटड़े को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बडौद निवासी राजकुमार ने बताया कि उसने मकान के साथ बाड़ा बनाया है। रात को चोरों ने दो भैंस तथा एक कटड़े को चोरी कर लिया है।

### स्मैक सप्लाई मामले में बेलजंपर आरोपी पकड़ा

**कैथल।** पीओ पकड़ो स्टाफ द्वारा वर्ष 2021 दौरान स्मैक सप्लाई मामले में उद्घघोषित आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पीओ पकड़ो स्टाफ प्रभारी एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एसआई सतीश की टीम द्वारा गांव राजथल जिला हिसार निवासी मनीष को काबू कर लिया गया।

# पिल्लूखेड़ा के विकास ने 27वां और नरवाना की स्वाति ने यूपीएससी में पाया 366वां रैंक

**जींद।** गांव पिल्लूखेड़ा के होनहार लाडले आईपीएस विकास कुंडू ने यूपीएसी में 27वां रैक प्राप्त किया है। विकास कुंडू हैदराबाद में ट्रेनिंग ले रहे हैं। पिछले वर्ष विकास ने यूपीएससी में 288वां रैंक प्राप्त किया था। विकास यूपीएससी परीक्षा में ऑल इंडिया में 27वां रैंक हासिल करके एक बार फिर साबित कर दिया है कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। विकास के पिता कर्ण सिंह किसान हैं। माता निर्मला साधारण गृहणी हैं। बड़ा भाई ठेकेदार है। चाची सुलोचना ने बताया कि पिछले साल विकास ने यूपीएससी में 288वां रैंक पाया था हैदराबाद में आईपीएस में सिलेक्शन हुआ था और हैदराबाद में ट्रेनिंग पूरी हो चुकी है।

### पिछले वर्ष विकास ने 288वां रैंक पाया था

### अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बने विकास



बताया कि विकास का सपना आईएएस बनने का रहा है। जिसके लिए उसने फिर से दोबारा यूपीएससी का पेपर दिया जिसमें आज घोषित परीक्षा परिणाम में विकास कुंडू ने आल इंडिया में 27 वां रैंक हासिल किया। विकास कुंडू ने अपने साथ-साथ अपने माता-पिता परिवार हरियाणा प्रदेश जिला जींद के साथ-साथ अपने गांव पिल्लूखेड़ा का नाम रोशन करने का काम किया है। सुलोचना कुंडू ने बताया कि सभी युवाओं को विकास कुंडू से प्रेरणा लेकर अच्छी पढ़ाई करनी चाहिए और अच्छा परीक्षा परिणाम प्राप्त करके अपने साथ-साथ अपने गांव का नाम भी रोशन करना चाहिए ताकि युवाओं को अच्छी नौकरी प्राप्त हो सके और उनके क्षेत्र का विकास व सुधार हो सके। फिलहाल विकास कुंडू हैदराबाद में आईपीएस की ट्रेनिंग ले रहा है। उनकी मां निर्मला ने बताया कि विकास बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं। उन्होंने 10वीं कक्षा द्रोणाचार्य स्कूल लोहचब और 12वीं कक्षा की पढ़ाई डीएवी स्कूल जींद से की। उसके बाद किरोड़ीमल कालेज दिल्ली से डिग्री की। 27 वर्षीय विकास ने छठी बार यूपीएससी की परीक्षा दी थी। विकास सेल्फ स्टडी ही करते थे।

**जींद।** यूपीएससी में रैंक पाने की पहले मे चांस में कुछ चूक रही। फिर दूसरे चांस में मेहनत के बल पर मंजिल को फतेह कर लिया। यही कुछ कर दिखाया है नरवाना निवासी 23 वर्षीय स्वाति आर्य ने। जिसने यूपीएससी में 366वां रैक प्राप्त किया है। स्वाति के यूपीएससी क्रैक की सूचना मिलने पर उनके घर बधाई देने वालो का तांता लगा रहा। स्वाति के पिता दिलबाग आर्य संस्कृत के सेवानिवृत प्राध्यापक रहे हैं। जबकि मां राजरानी ड्राइंग टीचर हैं। तीन भाई व बहनों में स्वाति आर्य मंझली है। आर्य परिवार में संस्कारों के साथ पली बढ़ी स्वाति आर्य बचपन से ही पढ़ाई में अव्वल रही हैं। पढाई पर अपने ध्यान को फोक्स रखा। 12वीं तक की पढाई स्वाति आर्य ने

### स्वाति ने मां-बाप को दिया सफलता का श्रेय



एसडी आर्य पब्लिक स्कूल नरवाना से साइंस से की और मेरिट में स्थान बनाया। जिसके बाद स्वाति ने दिल्ली के हंसराज कालेज दिल्ली में दाखिला लिया और 2023 में बॉटिनी में विश्वविद्यालय को टॉप कर गोल्ड मेडल लिया। जिसके बाद स्वाति ने अपने सपने यूपीएससी क्रैक करने को लक्ष्य किया। प्री को क्लीयर किया लेकिन मेन में रह गई। जिस चूक के कारण वह पहले चांस में रही, फिर मेहनत के बल पर दूसरे चांस में 366 रैंक प्राप्त कर जिले के साथ माता-पिता का नाम भी रोशन कर दिया। स्वाति आर्य ने बताया कि उसे यूपीएससी कैक्र करने की प्रेरणा अपने माता-पिता तथा अपने गुरूजन तथा साथियों से मिली। कोचिंग का सहारा लिया। 17 से 18 घंटे पढ़ाई को दिए। अच्छे विचार को को पढ़ा। हर शंका का निवारण किया। जिसके बलबूते पर उसे यह मुकाम मिला। स्वाति आर्य ने बताया कि अगर लक्ष्य को निधारित कर मेहनत की जाए तो उसे अवश्य भेदा जा सकता है।

### घरौंडा में पुलिस व चिकित्सक के विवाद को देखते लिया निर्णय

# नागरिक अस्पताल में आज चिकित्सक रहेंगे हड़ताल पर

### केवल पोस्टमार्टम और इमरजेंसी सेवाएं रहेंगी सुचारू

**नागरिक अस्पताल आए जरा संभल कर आज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नागरिक अस्पताल में शनिवार को चिकित्सक हड़ताल पर रहेंगे। अस्पताल में ओपीडी पूरी तरह से बंद रहेंगी। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन ने करनाल के घरौंडा में पुलिस व चिकित्सक के विवाद को देखते हुए यह फैसला लिया है। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसो के प्रदेश महासचिव डा. विजेंद्र ढांडा ने कहा कि पुलिस आजकल चिकित्सकों पर अपना गुस्सा निकाल रही है। सरेआम पुलिस ने एक चिकित्सक की पिटाई की है, जो पुलिस की बर्बरता को दर्शाता है। इसलिए शनिवार को पूरे प्रदेश में चिकित्सक हड़ताल पर रहेंगे। नागरिक अस्पताल में केवल इमरजेंसी और पोस्टमार्टम सेवाएं ही जारी रहेंगे। आगामी निर्णय रविवार को लिया जाएगा। शनिवार



जींद। नागरिक अस्पताल में ओपीडी स्लिप के लिए लगी लाइन। फोटो :हरिभूमि

को आप सरकारी अस्पतालों में उपचार के लिए आ रहे हैं तो आपको वासथ्य सेवाओं से मरहूम रहना पड़ सकता है। हालांकि इमरजैंसी, डिलीवरी तथा पोस्टमार्टम सेवाएं उपलब्ध होंगी लेकिन जनरल ओपीडी नही होगी। ऐसे में मरीजों व उनके तिमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। एचसीएमए एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव डा. बिजेंद्र ढांडा ने कहा कि चिकित्सक अपना कार्य पूरी ईमानदारी से करते हैं। घरौंड़ा एसएचओ द्वारा की गई मारपीट के बाद वो घरौंडा में चिकित्सक से भी मिले हैं। उन्होंने पूरी घटना की जानकारी हासिल की है। स्थानीय प्रशासन कोई सख्त कार्रवाई नही कर रहा है जबकि चिकित्सक एसएचओ पर मामला दर्ज किए जाने की मांग पर अड़े हैं। वहीं हड़ताल पर रहते भी चिकित्सक अपना नैतिक फर्ज निभाएंगे। सभी अस्पतालों में एमरजेंसी, डिलीवरी तथा पोस्टमार्टम सेवाओं को बहाल रखा जाएगा। आमजन को भी कोई परेशानी न हो, इसका भी विशेष ध्यान रखा गया है।

#### शुक्रवार को 1954 की ओपीडी

शुक्रवार को नागरिक अस्पताल में कुल 1954 लोग पहुंचे। इनमें जनरल मेडिसिन के 374, हड्डी रोग से संबंधित 215, सर्जरी के 141, ईएनटी के 54, नेत्र रोग विभाग में 194, मनोरोग विभाग में 163, आर्युवेद के 52, होम्योपैथिक के 50, बाल रोग के 147, गायनी के 244, डाइटिशियन के 16, डेंटल के 91 व अन्य 27 मरीज पहुंचे। वहीं शनिवार को भी इतनी ही ओपीडी होने की संभावना है।

# जींद: तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से व्यक्ति की मौत

■ नेशनल हाइवे 152डी पर कार के टायर की जांच कर रहा था मुकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव नंदगढ़ के निकट नेशनल हाइवे 152डी पर बीती रात तेजरफ्तार ट्रक ने गाड़ी का टायर जांच रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी। जिसमें व्यक्ति की मौत हो गई। जुलाना थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर फरार ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ढाठरथ निवासी मुकेश (28) व मनीष रिश्तेदारी में रानीला गए थे। रात को दोनों कार में सवार होकर नेशनल हाईवे 152डी से अपने घर लौट रहे थे। गांव नंदगढ़ के निकट उसकी कार में पंक्चर हो गया। मुकेश गाड़ी को साइड में कर टायर जांचने लगा। जबकि मनीष गाड़ी से कुछ दूरी पर सड़क पर खड़ा हो गया। उसी दौरान पीछे से आ रहे तेजरफ्तार ट्रक ने मुकेश को टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना का अंजाम देकर चालक मौक से फरार हो गया। गंभीर हालात में मुकेश को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। जुलाना थाना पुलिस ने मृतक के ताऊ के बेटे नरेंद्र की शिकायत पर फरार ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी कपिल ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## वाइस चेयरमैन पवन सैनी को मिली कार्यकारी नपा प्रधान की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

नगर पालिका जुलाना के चेयरमैन डा.संजय जांगड़ा को शहरी स्थानीय निकाय विभाग के महानिदेशक द्वारा सोमवार को निलंबित कर दिया गया है। उनके निलंबन के बाद नगर पालिका के वाइस चेयरमैन पवन सैनी कार्यकारी प्रधान बन गए हैं। अब पवन सैनी सोमवार से नपा के प्रधान पद का कार्यभार संभालेंगे और नपा के प्रशासनिक कार्यों का संचालन करेंगे। बता दें नपा के चेयरमैन डा. संजय के खिलाफ करीब छह माह पहले रिश्वत लेने का मामला सामने आया था।

#### पत्र दिया था



अब नगर पालिका के वाइस चेयरमैन पवन सैनी को कार्यकारी प्रधान बन गए हैं। क्योंकि वाइस चेयरमैन पवन सैनी ने डीएमसी जींद को कार्यकारी प्रधान की जिम्मेदारी सौंपे जाने को लेकर पत्र लिखा था जिसके बाद अब वे नपा कार्यकारी प्रधान के रूप में कार्यों का संचालन करेंगे। डीएमसी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि चेयरमैन के निलंबित होने के बाद जुलाना नपा के वाइस चेयरमैन पवन सैनी ने कार्यकारी प्रधान का चार्ज ले लिया हैं। अब वही नपा के कार्यकारी प्रधान होंगे।

### कार और कंबाइन की टक्कर में एक घायल

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के गतौली गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में कार और कंबाइन की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार भिवानी के सिरसा गोघड़ा निवासी विनोद कार में सवार होकर रोहतक से जींद की ओर जा रहा था। जब जुलाना क्षेत्र में गतौली गांव के पास पहुंचा तो अचानक कार अनियंत्रित हो गई। बताया जा रहा है कि कार डिवाइडर से टकराई और उसके बाद सामने से रोहतक की ओर जा रही कंबाइन से जा भिड़ी। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर लगते ही कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## एटीएम का ताला तोड़ने का प्रयास सायरन बजते ही बदमाश फरार

■ सीसीटीवी में कैद हुई पूरी वारदात, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के मैन बाजार में स्थित यूको बैंक के एटीएम को बीती रात एक युवक ने निशाना बनाने की कोशिश की। युवक ने एटीएम का ताला तोड़ कर अंदर घुसने का प्रयास किया लेकिन जैसे ही सुरक्षा सायरन बजाए वह मौके से भाग खड़ा हुआ। पूरी घटना एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार बीती रात करीब 10 बजे एक युवक मैन बाजार स्थित बैंक के एटीएम के पास पहुंचा। कुछ देर तक इधर-उधर देखने के बाद उसने एटीएम का ताला तोड़ने की कोशिश की। युवक किसी औजार की मदद से लॉक को तोड़ने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान अचानक एटीएम का सुरक्षा सायरन बजने लगा। सायरन की आवाज सुनते ही घबरा गया और मौके से फरार हो गया। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने एटीएम के अंदर और बाहर लगे सीसी टीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली है।

### तापमान पहुंचा 30 डिग्री तक, फसलों के लिए नुकसानदायक

**जींद।** मार्च महीने की शुरुआत में ही 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान होना फसलों के लिए बहुत नुकसानदायक साबित होगा। कृषि विभाग के अनुसार इस समय गेहूं की फसल में दाना बन रहा है। इतने अधिक तापमान के कारण गेहूं के दानों का भराव नहीं हो पाएगा। ऐसे में गेहूं के उत्पादन पर इसका ज्यादा असर पड़ेगा। कृषि विशेषज्ञों ने गेहूं की फसल में हल्की सिंचाई करने के साथ-साथ कुछ अन्या दवाइयों के छिड़काव की सलाह दी है। चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय की तरफ से कहा गया है कि इस समय 30 डिग्री से अधिक तापमान गेहूं की फसल पर ज्यादा असर डालेगा। इतने अधिक तापमान में गेहूं के दानों में भराव नहीं हो पाएगा। ऐसे में गेहूं का उत्पादन काफी प्रभावित होगा।

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील रद्द करने की मांग

### ट्रैक्टर मार्च को लेकर रूपरेखा तैयार की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी संगठन की टीम शुक्रवार को गांव जाखोली पहुंची जहां किसानों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 10 मार्च को सरकार के खिलाफ निकाले जाने वाले ट्रैक्टर मार्च को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष महाबीर चहल नरड़ ने कहा कि सरकार किसानों के साथ लगातार अन्याय और अत्याचार कर रही है। इसी के विरोध में 10 मार्च को पूरे प्रदेश में किसान ट्रैक्टर मार्च



राजौंद। गांव जाखौली में बैठक में भाग लेते। फोटो :हरिभूमि


निकालकर सरकार को घेरने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हाल ही में पेश किए गए बजट में भी किसानों को किसी प्रकार की राहत नहीं दी गई है, जिससे किसानों में भारी रोष है। चहल ने बताया कि 23 मार्च को पीपली (कुरुक्षेत्र) में किसान-मजदूर जन क्रांति रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में किसान और मजदूर भाग लेंगे। रैली के माध्यम से भारत-अमेरिका ट्रेड डील रद्द करने, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने, किसान-मजदूरों की कर्ज माफी, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गारंटी कानून बनाने, शिक्षा में सुधार तथा अस्पतालों में निशुल्क इलाज जैसी मांगों को लेकर सरकार को चेतावनी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने इन मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी घोषणा भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह चढ़ूनी द्वारा की जाएगी। युवा प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र मागो माजरी ने 10 को कैथल में होने वाले ट्रैक्टर मार्च में किसानों से भाग लेने की अपील की। कहा कि सरकार की तानाशाही का जवाब देने के लिए सभी किसान संगठनों को एकजुट होकर आंदोलन करना होगा, तभी आंदोलन सफल हो सकेगा।

### स्वास्थ्य विभाग ने की आहूजा मैमोरियल अखिल अस्पताल पर छापेमारी

# गूंगे, बहरापन, शुगर व सामान्य बीमारी का स्थायी इलाज का लगाया था बोर्ड, मौके पर नहीं मिला चिकित्सक, किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को नई सब्जी मंडी रोड के निकट आहूजा मेमोरियल अखिल अस्पताल अस्पताल पर छापेमारी की। टीम ने मौके पर जांच की तो अस्पताल में कोई चिकित्सक मौजूद नही मिला। ऐसे में टीम ने अस्पताल को तुरंत सील कर दिया। टीम ने अस्पताल में मौजूद कर्मी को सोमवार को उपयुक्त दस्तावेजों के साथ सीएमओ कार्यालय में पेश होने के



लिए कहा है। तब तक अस्पताल पर सील लगी रहेगी। स्वास्थ्य विभाग की यह कार्रवाई अवैध या भ्रामक प्रचार करने वाले स्वास्थ्य केंद्रों पर लगाम कसने के अभियान के तहत की गई है। स्वास्थ्य विभाग को शिकायत मिली थी कि नई सब्जी मंडी रोड स्थित आहूजा मेमोरियल अखिल अस्पताल बिना किसी वैध लाइसेंस के चलाया जा रहा है। शिकायत पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करते सीएमओ डा. सुमन कोहली के निर्देशानुसार टीम गठित की गई। टीम में नागरिक अस्पताल जींद के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट (एमएस) डा. अरविंद, ड्रग कंट्रोलर गीता और शहर थाना पुलिस के अधिकारी शामिल हुए। विभाग की टीम ने आहूजा मेमोरियल अखिल अस्पताल पर छापेमारी की तो यहां अस्पताल बोर्ड पर गंभीर बीमारियों जैसे गूंगापन, बहरापन, शुगर और सामान्य बीमारियों के स्थायी इलाज का दावा करने वाला बोर्ड लगा हुआ पाया गया। जांच के दौरान अस्पताल का चिकित्सक नही मिला। इसके बाद वहां मौजूद कर्मी से बात की गई तो वो कोई स्पष्ट जवाब नही दे पाए था।

#### क्लीनिक को सील किया : डा. अरविंद

नागरिक अस्पताल के एमएस डा. अरविंद ने बताया कि शिकायत मिलने पर सीएमओ द्वारा कमेटी बनाई गई थी। कमेटी ने मौके पर आकर आहूजा अस्पताल को लेकर जांच की। इसका मालिक मौके पर नही मिला। उससे टेलीफोन पर बात की तो पता चला कि वह बाहर है। यहां जो भी चीजे मिली हैं, क्लीनिक को सील कर दिया गया है। जो यहां लड़का मौजूद था, वो कुछ नही दिखा पाया। कार्रवाई में एसएमओ डा. अरविंद, ड्रग कंट्रोलर गीता गोयल, शहर थाना अधिकारी मौजूद रहे।



पूंडरी। लाभार्थियों को चेक प्रदान करते चेयरमैन कृष्ण शर्मा। फोटो :हरिभूमि

### लाभार्थियों को क्षतिपूर्ति के चेक वितरित किए

**पूंडरी।** मार्केट कमेटी पाई के कार्यालय में चेयरमैन कृष्ण शर्मा पिलनी द्वारा हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के अंतर्गत दुर्घटना में अंगभंग होने वाले लाभार्थियों को क्षतिपूर्ति के चेक वितरित किए गए। गांव करोड़ा निवासी पूनम देवी तथा गांव जीतगढ़ (रावण्हेड़ा) निवासी सतबीर सिंह को योजना के तहत आर्थिक सहायता के चेक प्रदान किए गए। चेयरमैन कृष्ण शर्मा पिलनी ने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों और खेतिहर मजदूरों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई यह योजना उन किसानों और मजदूरों के लिए एक बड़ी राहत है जो खेती के दौरान या उससे जुड़े कार्यों में दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। कहा कि खेती के काम में अक्सर जोखिम बना रहता है, ऐसे में सरकार द्वारा दी जाने वाली यह आर्थिक सहायता पीड़ित परिवारों के लिए संबल का कार्य करती है। बताया कि मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत खेती करते समय या उससे जुड़े कार्यों में दुर्घटना होने पर घायल या परिवार को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

## खबर संक्षेप

### स्टेट नेटबाल चैंपियनशिप के लिए ट्रायल कल

**जींद।** 18वीं जूनियर हरियाणा स्टेट नेटबॉल चैंपियनशिप (लड़के और लड़कियां) चौथी फास्ट 5 जूनियर हरियाणा स्टेट नेटबॉल चैंपियनशिप (लड़के और लड़कियां), दूसरी मिक्सड जूनियर हरियाणा स्टेट नेटबॉल चैंपियनशिप और दूसरी मिक्सड सीनियर हरियाणा स्टेट नेटबॉल चैंपियनशिप हरियाणा खेल विश्वविद्यालय राई सोनीपत में 19 से 22 मार्च को की जा रही है। नेटबॉल एसोसिएशन जींद के अध्यक्ष दीपक कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए जींद जिले के खिलाडि़यों की ट्रायल आठ मार्च को निडानी गांव स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में की जाएगी।

### हाथ, पांव बांध मंदबुद्धी से किया कुकर्म, केस दर्ज

**जींद।** सदर थाना सफीदों इलाका गांव में मंदबुद्धी युवक के हाथ व पांव बांध कर कुकर्म करने का मामला सामने आया है। सदर थाना सफीदों थाना गांव के एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई मंदबुद्धी है। फाग वाले दिन देर शाम को गांव के ही जयनारायण उसके भाई को बहला-फुसला कर नहर पटरी अपने साथ ले गया। जहां पर आरोपित ने उसके भाई के हाथ व पांव बांध कर कुकर्म किया। उसके भाई के चिल्लाने की आवाज सुन कर उसका ममेरा भाई मौके पर पहुंच गया। जिसे आरोपित देख कर फरार हो गया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने पीड़ित युवक के भाई की शिकायत पर आरोपित जयनारायण के खिलाफ कुकर्म समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सदभाव यात्रा को मिल रहा जनसमर्थनः सुरेंद्र

**उचाना।** कांग्रेस नेता एवं मार्केट कमेटी पूर्व वाइस चेयरमैन सुरेंद्र गर्ग ने कहा कि पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की अगुवाई में निकाली जा रही सदभाव यात्रा पांचवे चरण में कैथल शहर में पहुंची है। अब तक चार चरणों में 57 हलकों से होकर यात्रा गुजर चुकी है। हर हलके में जबरदस्त जन समर्थन लोगों का यात्रा को मिल रहा है। बृजेंद्र सिंह की छवि यात्रा से जन नेता के रूप में उबरी है। हर हलके में वहां के मुद्दों को यात्रा के माध्यम से उठाने के साथ-साथ सदभाव का संदेश दे रहे है। कांग्रेस को मजबूती इस यात्रा से मिल रही है। जो कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता निराश होकर घर बैठ गए थे वो यात्रा से नए जोश में नजर आने लगे है। ये यात्रा प्रदेश की राजनीति में बड़ा बदलाव करेगी। हर वर्ग के लोग यात्रा के साथ जुड़ रहे है जो यात्रा की सफलता का प्रमाण है।

### जैजैवंती में जलघर निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के जैजैवंती गांव में निर्माणाधीन जलघर को लेकर ग्राम पंचायत ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए इसकी जांच की मांग की है। इस संबंध में ग्राम पंचायत की ओर से जनस्वास्थ्य विभाग को लिखित शिकायत भेजी गई है। सरपंच रूमा देवी, जसबीर पंच, नवनीत, रजनी, आशीष व मनीषा आदि का कहना है कि गांव में बनाए जा रहे जलघर के निर्माण कार्य में प्रयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता काफी खराब है। उनका आरोप है कि निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। जिससे भविष्य में जलघर की मजबूती और टिकाऊपन पर सवाल खड़े हो सकते हैं।

### विधायक की अगुवाई में हो रहा चहुंमुखी विकास

**उचाना।** इनेलो छोड़ कर भाजपा में बीते दिनों सीएम नायब सिंह सैनी की उचाना विकास रैली में शामिल सत्ता डूमरखा ने कहा कि उचाना विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में उचाना निरंतर प्रगति के पथ पर बढ़ रहा है। वो खुद किसान परिवार से होने के साथ-साथ जमीन से जुड़े है। विधायक की अगुवाई में हलके में चहुंमुखी विकास हो रहा है। पहले बातें होती थी लेकिन काम धरातल पर नहीं होता था। अब बातें कम काम अधिक हो रहा है। पहले विधायक जो बनते थे उनसे मिलने के लिए चंडीगढ़, दिल्ली जाना पड़ता था।

---

### बैंक ने महिलाओं को डिफाल्टर बताकर मिलने वाला सम्मान भत्ता रोका

# गांव नगूरां की महिलाओं ने बैंक प्रबंधन के खिलाफ की नारेबाजी

## बाकी का भी जल्द से जल्द समाधान करने का दिया आश्वासन

**विधायक के हस्ताक्षेप से एक महिला को दी पेंशन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा



अलेवा। नगूरां गांव स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने नारेबाजी करती डाहौला गांव की महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

नगूरां गांव स्थित पंजाब नैशनल बैंक द्वारा डाहौला गांव की महिलाओं की बैंक डिफालटर होने की बात कहकर बुजुर्गों तथा विधवा महिलाओं की बुढापा पेंशन रोक देने के चलते शुक्रवार को बैक वर्ड प्रधान धर्मबीर डाहौला के नेतृत्व में महिलाओं ने बैंक प्रबंधन तथा कर्मचारियों के खिलाफ बैंक के सामने नारेबाजी कर विरोध जताया। हालांकि उचाना कलां के स्थानीय विधायक देवेंद्र चतुरभुज अत्री के बैंक मनेजर से फोन पर बात करने के चलते बैंक ने एक बुजुर्ग महिला की बुढापा पेंशन देने के साथ-साथ अन्य महिलाओं की समस्या का भी जल्द समाधान करने के आश्वासन विधायक को दिया। डाहौला गांव की सीता देवी, जयदेई, रविता, सरोज, संतोष, पताशो, कृष्णा, कमलेश आदि दर्जनों महिलाओं ने बताया कि लक्ष्य गुरप तथा लक्ष्मी गुरुप महिलाओं ने करीब 18 साल पूर्व नगूरां पंजाब नैशनल बैंक से लोन लिया था। इसी दौरान महिलाएं समय से लोन का क्लीयर करती आ रही थी लेकिन बैंक द्वारा गुरप की कुछ महिलाओं के लोन रोके जाने की बात कही जा रही है। महिलाओं का कहना है कि अगर कुछ महिलाओं ने लोन रोका है तो इसके लिए बैंक द्वारा उक्त महिलाओं को किसी प्रकार का नोटिस नहीं दिया। बैंक द्वारा एकदम से सभी ग्रुप की महिलाओं को डिफालटर बताकर सरकार की तरफ से बुजुर्गों को मिलने वाला सम्मान भत्ता ही रोक दिया है। जिससे बुजुर्गों के सामने रोटी तक के लाले पड़े हुए हैं। महिलाओं का कहना है कि इसके लिए अनेक बार बैंक मनेजर से बात हुई, लेकिन उनके द्वारा जब तक लोन क्लीयर नहीं होता की बात कहकर बुजुर्गों से मिलने वाला सम्मान भत्ता साफ देने से मना कर दिया। जिसके कारण गांव की बुर्जुग महिलाओं ने बैंक प्रबंधन तथा कर्मचारियों के खिलाफ रोष है। हालांकि उचाना कलां के स्थानीय विधायक देवेंद्र चतुरभुज अत्री के बैंक मनेजर से फोन पर बात करने के चलते बैंक ने एक बुजुर्ग महिला की बुढापा पेंशन देने के साथ-साथ अन्य महिलाओं की समस्या का भी जल्द समाधान करने के आश्वासन विधायक को दिया। डाहौला गांव की सीता देवी, जयदेई, रविता, सरोज, संतोष, पताशो, कृष्णा, कमलेश आदि दर्जनों महिलाओं ने बताया कि लक्ष्य गुरप तथा लक्ष्मी गुरुप महिलाओं ने करीब 18 साल पूर्व नगूरां पंजाब नैशनल बैंक से लोन लिया था। इसी दौरान महिलाएं समय से लोन का क्लीयर करती आ रही थी लेकिन बैंक द्वारा गुरप की कुछ महिलाओं के लोन रोके जाने की बात कही जा रही है।

#### महिलाओं की तरफ बैंक का बकाया

मामले को लेकर नगूरां गांव स्थित पंजाब नैशनल बैंक के मैनेजर दीपक कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उक्त महिलाओं की तरफ बैंक का बकाया है। इसलिए बैंक ने अपना रूपया लेने के लिए सम्मान भत्ते पर रोक लगाई है ताकि धीरे-धीरे बैंक का रूपया मिल सके। इसके लिए अधिकारी को बोलकर गांव में मौके पर जाकर समस्या का समाधान करवाया जाएगा।

---



जींद। मांग पत्र सौंपते कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर। फोटो :हरिभूमि

## जींद की जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान की मांग को लेकर दिशा की बैठक में शुक्रवार को कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने दिशा चेयरमैन एवं सांसद कुमारी सैलजा को मांग पत्र सौंपा। मांगपत्र में बताया गया कि परशुराम चौक से हैबतपुर, बोहतवाला, दालमवाला, रायचंदवाला तक जाने वाली सड़क पूरी तरह से टूटी हुई है। जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। इसी तरह नरवाना हल्के के गांव कलोदा कलां से भिखेवाला गांव तक की सडक़ भी पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। इसके अलावा रायचंदवाला गांव में पानी के टैंकर की व्यवस्था की मांग की है। जींद.गोला रोड पर कोर्ट के पास शहीद मेजर विजय के स्टेच्यू वाले रास्ते से लगाए गए साइन बोर्ड को हटाए जाने को गलत बताते हुए इसे दोबारा लगाने की मांग भी की। मांगपत्र में शहर के पटियाला चौक से नरवाना बाईपास तक सड़क के दोनों ओर ब्लॉक टाइलें लगाने ताकि सफाई व्यवस्था बेहतर हो और प्रदूषण कम हो सके की मांग की है।

#### जनता हो रही परेशान

शर्मा नगर में रेलवे पार्क के पास सीवर के गंदे पानी की निकासी की समस्या के समाधान की भी मांग उठाई गई। इसके अलावा अंडरपास के पास भिवानी रोड और अंडरपास रजवाहा रोड पिछले करीब दो साल से बंद पड़े होने से लोगों को परेशानी हो रही है। जिन्हें जल्द पूरा करवाने की मांग की गई। जींद देवीलाल चौक से रोहतक रोड बाईपास तक सड़क के टूटे होने की समस्या भी उठाई गई। मांगपत्र में शहर में बढ़ती आवारा पशुओं की समस्या पर चिंता जताते हुए दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई। साथ ही कई क्षेत्रों में पीने के पानी में सीवर का पानी मिलने से बीमारियां फैलने की आशंका जताते हुए इसका जल्द समाधान करने की मांग भी रखी गई। कांग्रेस जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि जींद जिले की इन समस्याओं से आम जनता लंबे समय से जूझ रही है। उन्होंने सांसद कुमारी शैलजा से इन मुद्दों को संबंधित विभागों के समक्ष उठाकर जल्द समाधान करवाने की मांग की।

---

#### यात्रा में शामिल होने वालों को किया सम्मानित

**उचाना।** सदभाव यात्रा में शामिल होने वालों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया । सदभाव यात्रा के संयोजक बृजेंद्र सिंह, मार्गदर्शक पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र एवं पूर्व विधायक प्रेमलता सिंह पहुंची। अपने पैतृक गांव डूमरखा कलां आवास पर पांच महीने के दौरान सदभाव यात्रा में सक्रिय भूमिका एवं भागीदारी निभाने वाले साथियों को सम्मानित करने के साथ उनके लिए भोज का आयोजन किया। पूर्व विधायक प्रेमलता सिंह द्वारा सदभाव यात्रा में सक्रिय रूप से यात्रा की शुरूआत से लेकर अब तक साथ लेने वालों को सम्मानित किया। प्रेमलता सिंह ने कहा कि कांग्रेस को मजबूत करने एवं प्रदेश में सदभाव का संदेश देने के लिए बृजेंद्र सिंह सदभाव यात्रा को लेकर निकले है। अब तक 57 हलकों में यात्रा पहुंच चुकी है। हर जगह लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया जा रहा है।



सद्भाव यात्रा में शामिल होने वाले को सम्मानित करते पूर्व विधायक प्रेमलता सिंह।



उचाना। पुरानी अनाज मंडी में आयोजित हवन। फोटो :हरिभूमि

#### हवन हमारी प्राचीन संस्कृति का हिस्सा

**उचाना।** पुरानी अनाज मंडी स्थित मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा के प्रतिष्ठान पर हवन का आयोजन हुआ। हवन के माध्यम से सुख, समृद्धि की कामना भगवान से की। सुरेंद्र खरकभूरा ने हवन के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि हवन हमारी प्राचीन संस्कृतिक का हिस्सा है। हवन घर, प्रतिष्ठान पर समय-समय पर होने चाहिए। हवन से वातावरण भी शुद्ध रहता है। पं. प्रवीण पुजारी ने हवन मंत्रोजाप कर सम्पन्न करवाया। उन्होंने कहा कि हिन्दू सनातन धर्म में पूजा का सबसे अच्छा मार्ग हवन और यज्ञ है। यज्ञ को अग्निहोत्र कहते हैं। अग्नि ही यज्ञ का प्रधान देवता हे। हवन में डाली गई सामग्री प्रसाद सीधे हमारे आराध्य देवी देवताओं तक पवित्र अग्नि के माध्यम से जाता है। हवन का एक सबसे बड़ा लाभ यह है कि इसके धुएं से वातावरण शुद्ध होता है।

#### कानूनी प्रावधानों की दी जानकारी

**जींद।** पुलिस लाइन में जिला के अनुसंधानकर्ताओं के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों को नए कानूनों एवं अनुसंधान से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना था ताकि अपराधों की जांच और भी प्रभावी एवं सुदृढ़ तरीके से की जा सके। आर्थिक अपराध शाखा जींद के ईचांर्ज उप निरीक्षक अजय कुमार ने आर्थिक अपराधों की जांच की प्रक्रिया, उनसे जुड़े कानूनी प्रावधानों तथा वर्तमान समय में बढ़ते साइबर एवं वित्तीय अपराधों से निपटने के तरीकों के बारे में विस्तार से समझाया। इसी प्रकार उप पुलिस अधीक्षक उचाना संजय कुमार के कुशल नेतृत्व में पीएसआई सचिन कुमार ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में अनुसंधानकर्ताओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।



जींद। बैठक में भाग लेते अनुसंधानकर्ता। फोटो :हरिभूमि



जींद। प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता बच्चे। फोटो :हरिभूमि

#### आधारशिला ने जीते 35 पदक

**जींद।** एसओएफ (विज्ञान ओलंपियाड फाउंडेशन) के परीक्षा परिणाम में आधारशिला स्कूल के छात्रों ने परचम लहराया है। इसमें 35 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। छात्रों की उपलब्धि से स्कूल में खुशी की लहर है। एसओएफ नई दिल्ली में स्थित एक शैक्षिक संस्था है, जो स्कूली छात्रों के बीच विज्ञान, गणित, कम्प्यूटर, अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ओलंपियाड परीक्षाओं का आयोजन करवाती है। ये परीक्षा स्कूल के पाठ्यक्रम से आगे बढ़कर वैचारिक समझ विकसित करने और विश्लेषात्मक कौशल को परखने के लिए प्रोत्साहित करती है। प्रधानाचार्य सतवीर सिंह गहलावत ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस तरह की परीक्षा विद्यार्थी को उच्चतम स्तर की परीक्षाओं के लिए तैयार करती है।



उचाना। एनएसएस शिविर को संबोधित करते डॉ. राजेश श्योकंद।

#### स्वच्छता का दिया संदेश

**उचाना।** सनातन धर्म महिला कॉलेज उचाना मंडी में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ हुआ। अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. अंजू रानी ने की। आरजीएम उचाना से राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. राजेश श्योकंद मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। डॉ. श्योकंद ने स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार पूर्वक बताते अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। बताया कि लक्ष्य बनाकर चलना जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। ज्योति के नेतृत्व में स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान करते स्वच्छता का संदेश दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना समाज के प्रति नेतृत्व, देश प्रेम स्वच्छता एवं राष्ट्रीय जागरूकता का अद्वितीय संगठन है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से स्वयं सेविकाएं समाज में लोगों को जागरुक करते अनेक कुरीतियों से लडने की मिसाल पेश करती है।

## स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। निरीक्षण करते सीजेएम। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के निर्देश अनुसार मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी मोनिका ने शुक्रवार को नशा मुक्ति केंद्र फ्यूचर वेलफेयर सोसाइटी नरवाना का औचक निरीक्षण किया। प्राधिकरण सचिव मोनिका ने नशे की परिभाषा से लेकर उसके प्रकार प्रतिबंध और चेतावनी युक्त नशों के बारे बताया विस्तार से चर्चा करते बताया कि भारत में वर्ष 1985 से एनडीपीएस एक्ट अर्थात नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट लागू किया है। अधिनियम के तहत होने वाले अपराध संज्ञेय व अजमानतीय होते हैं कठोर दंड के प्रावधान इसमें है। नशे को मनुष्यों के लिए घातक माना गया है। इस मौके पर नशा मुक्ति केंद्र में 11 उपचाराधीन व्यक्ति उपस्थित थे। प्राधिकरण सचिव ने केंद्र में रह रहे व्यक्तियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिशा निर्देश भी दिए।

## अश्लील कल्चर पर कार्रवाई करे प्रदेश सरकार : गुरविंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अश्लीलता को लेकर माजरा खाप पंचायत ने कड़ा रुख अपनाया है। माजरा खाप पंचायत लगातार गन कल्चर, गंद कल्चर को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित करती रही लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। माजरा खाप पंचायत के प्रधान गुरविंद्र सिंह संधू, महासचिव महेंद्र सिंह सहारण ने कहा कि हाल ही में एक गायक स्कूल की छात्राओं की पोशाक में हरियाणा रोडवेज की बस की छत पर अश्लील वीडियो बना कर वाहवाही लूटने की कोशिश कर रहे हैं। इसमें ऐसे शब्दों का इस्तेमाल किया है, उनको लिखना भी उचित नही है। सवाल उठता है आखिर सरकार ऐसे लोगों को जेल में क्यों नहीं डालती और ये गायक क्या दिखाना चाहते हैं। खाप नेताओं ने बस पर चढ़ कर नाचने वाली लड़कियों के मां व बाप से आग्रह किया कि वे अच्छे संस्कार दें। प्रवक्ता समुंद्र फोर ने सरकार से आग्रह किया है कि गंद कल्चर पर प्रतिबंध लगाना चाहिए सोशल मीडिया पर जो गंद परोसा जा रहा है उसको कानून लाकर सरकार रोकने का काम करें। कहा कि आश्चर्य होता है जब सामाजिक मुद्दों पर चर्चा के लिए न सरकार और न विपक्ष तैयार होता। क्योंकि ये सभी राजनीतिक दल वोट की राजनीति करते हैं।

### जिम्नास्टिक, लॉन टेनिस, स्केटिंग व सॉफ्टबॉल खेलों की नर्सरियां प्रस्तावित

# जींद में खेलों को बढ़ावा देने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



एकलव्य स्टेडियम।

डीसी मोहम्मद इमरान राजा ने शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य यह है कि खेलों में विभिन्न खेलों में रुचि रखने वाले खिलाडि़यों को उनके आसपास क्षेत्र के नजदीक ही बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें ताकि वे अपनी प्रतिभा को निखारकर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें। डीसी ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भागीदारी भी बेहद आवश्यक है। खेलों से जहां शारीरिक और मानसिक विकास होता है, वहीं बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना भी विकसित होती है। डीसी ने बताया कि जिले में विद्यार्थियों की रुचि को ध्यान में रखते हुए घुड़सवारी, जिमनास्टिक, लॉन टेनिस, स्केटिंग तथा सॉफ्टबॉल जैसे खेलों की नर्सरियां शुरू करने का प्रस्ताव खेल विभाग के सहयोग से तैयार करवाना है। इन खेलों की नर्सरियां शुरू होने से बच्चों को शुरुआती स्तर से ही बेहतर प्रशिक्षण और मार्गदर्शन मिल सकेगा। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूलों में पढने वाले विद्यार्थियों की घुड़सवारी, जिमनास्टिक, लॉन टेनिस, स्केटिंग व सॉफ्टबॉल जैसे खेलों की रुचि के बारे में जानकारी जुटाई जाए। जिन विद्यार्थियों की रुचि इन खेलों में है, उनसे सहमति लेकर इसकी सूचना जिला खेल अधिकारी को भेजी जाए ताकि खेल विभाग द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए सरकार से अनुमति प्राप्त की जा सके और आगे की कार्यवाही शुरू की जा सके। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य अधिक से अधिक बच्चों को खेलों से जोडऩा है। इसके लिए शिक्षा विभाग और खेल विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि जिले में खेल गतिविधियों को और अधिक बढ़ावा मिल सके तथा युवा खिलाड़ी भविष्य में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

## ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के लिए सतर्क रहें आमजन : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर धोखाधड़ी के मामले सामने आ रहे हैं। बैंकिंग धोखाधड़ी, यूपीआई फिशिंग, फेक लिंक और अन्य ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए आमजन को सतर्क रहने की जरूरत है। किसी भी अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। किसी भी तरह की ऑनलाइन धोखाधड़ी या साइबर क्राइम की घटना होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर सूचना दें। क्योंकि साइबर धोखाधड़ी के मामलों में जितना जल्दी सूचना पुलिस व अन्य संबंधित एजेंसियों तक पहुंचती है, साइबर अपराध को रोकने की संभावना उतना ज्यादा होती है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध की शिकायत करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन वेबसाइट और 1930 साइबर हेल्पलाइन उपलब्ध करवाई गई है। जहां नागरिक अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन साइबर अपराध के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। आमजन को चाहिए कि वे सतर्कता बरतें और अपने परिवार, दोस्तों को भी इसके बारे में जागरूक करें।

खबर संक्षेप

## डॉ. जगदीश ने सौंपा एक लाख रुपये का चैक

**पूंडरी।** रोड महासभा के सौंदर्यीकरण, आधुनिकीकरण और नवीनीकरण के कार्यों को गति देने के उद्देश्य से संगरौली निवासी तथा सेक्टर-3 कुरुक्षेत्र निवासी डॉक्टर जगदीश चन्द मैहला ने अपनी एक माह की पेंशन से 1 लाख 11 हजार 111 रुपये का चैक प्रधान सेवक बलकार सिंह पूंडरी को भेंट किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज के विकास और उत्थान के लिए किया गया प्रत्येक योगदान भविष्य के लिए प्रेरणा बनता है। उन्होंने कहा कि प्रधान सेवक बलकार सिंह पूंडरी द्वारा समाज के हित में जिस समर्पण, लगन और मेहनत के साथ कार्य किया जा रहा है, वह सराहनीय है और निश्चित रूप से रोड समाज की प्रगति के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

## एचपीवी वैक्सीन को लेकर बैठक नौ को

**राजौंद।** नगर में बेटियों को लगाए जाने वाले एचपीवी वैक्सीनेशन कार्यक्रम को लेकर लोगों में विरोध के स्वर उठने लगे हैं। इसी विषय को लेकर राजौंद संघर्ष समिति के बैनर तले महाराणा प्रताप चौक स्थित धर्मशाला में नागरिकों की एक बैठक आयोजित की गई। समिति के प्रधान राकेश राणा ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन को लेकर समाज में कई तरह की आशंकाएं और सवाल उठ रहे हैं। इन विषयों पर लोगों को जागरूक करने तथा संभावित साइड इफेक्ट्स और भविष्य में बच्चियों पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर चर्चा करने के लिए विशेषज्ञों से जानकारी लेना आवश्यक है।

## दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं ने किए सात पंखे दान

**राजौंद।** स्थानीय दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था और सेवा भावना का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते 7 श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर परिसर के लिए 7 पंखे दान किए गए। श्रद्धालुओं के इस सहयोग से मंदिर में आने वाले भक्तों को गर्मी के मौसम में काफी राहत मिलेगी। दुर्गा मंदिर कमेटी के प्रधान देवेंद्र भनोट व राजेश कुमार भाखडी ने बताया कि मंदिर में श्रद्धालुओं का सहयोग लगातार मिलता रहा है और इसी कड़ी में 7 श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से पंखे दान किए हैं। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों की इसी तरह की भागीदारी से धार्मिक स्थलों का विकास और व्यवस्था बेहतर बनती है।

## टेबल क्विज प्रतियोगिता का किया आयोजन

**राजौंद।** गांव जाखौली स्थित आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नन्हे विद्यार्थियों के लिए टेबल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के नन्हे ज्ञानवीरों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी गणितीय प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का संचालन ज्योति मैडम, तारागढ़, रेनू मैडम, सुमन मैडम और पूजा शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ गणित की टेबलें सुनाईं और पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर देकर सभी को प्रभावित किया।इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य ओ.पी. शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों की स्मरण शक्ति, आत्मविश्वास और बौद्धिक क्षमता का विकास होता है।

## सफाई कर्मियों के लिए स्वास्थ्य जांच कैंप 11 से

**कैथल।** जिले के समस्त सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए 11, 12 और 13 मार्च को जिला स्तरीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। डीसी अपराजिता ने शिविर के सफल आयोजन के लिए पुख्ता प्रबंध करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बताया कि शिविर के सुचारू संचालन के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए अलग-अलग दो नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। ये अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों, विभिन्न विभागों कच्चे व पार्ट-टाइम सफाई कर्मचारियों और सीवरमैनों को शिविर के बारे में सूचित करना सुनिश्चित करेंगे।

### सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ ड्यूटी निभाएं: डीसी

# बार काउंसिल के चुनाव में चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए दिए निर्देश

**चार केंद्रों पर 1805 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अपराजिता ने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट बार काउंसिल चुनाव-2026 की सफल और निष्पक्ष संपन्नता के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि 18 मार्च 2026 को होने वाले मतदान के दौरान सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद होनी चाहिए। सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा से निभाएं और चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न करवाएं।

डीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदान प्रक्रिया सुबह 9 से शाम 5 बजे तक चलेगी। इस चुनाव के लिए जिले में कुल 4 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से 3 केंद्र कैथल में और 1 केंद्र गुहला में स्थापित किया गया है। चुनाव में जिले से कुल 1805 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें कैथल से 1659 और गुहला से 146 मतदाता शामिल हैं। चुनाव को सुचारू रूप से चलाने के लिए कुल 6 पोलिंग पार्टियां तैनात की गई है, जिनमें 4 मुख्य और 2 रिजर्व टीमें शामिल हैं। सुरक्षा व्यवस्था पर जोर देते हुए डीसी ने डीएसपी को निर्देश दिए कि 16 मार्च को चंडीगढ़ से चुनाव सामग्री लाने और 18 मार्च को मतदान के बाद सील बंद मतपेटियों को वापस चंडीगढ़ जमा करवाने के लिए वाहन के साथ पुलिस एस्कॉर्ट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मतदान के दिन केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं और कैथल व गुहला में उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए। इस अवसर पर सीजेएम विनोद कुमार, कलायत एसडीएम अजय हुड्डा, डीएसपी बीरभान, कैथल तहसीलदार रविंद्र हुड्डा, चुनाव कानूनगो राजकुमार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


कैथल। डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**मतदान प्रक्रिया सुबह 9 से शाम 5 बजे तक चलेगी और चुनाव के लिए जिले में कुल चार मतदान केंद्र बनाए गए**

### ये कहा

बैठक के दौरान बिजली और जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए। बिजली विभाग को मतदान के दिन निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने और जन स्वास्थ्य विभाग को मतदाताओं व पोलिंग पार्टियों के लिए पीने के पानी की उचित व्यवस्था करने को कहा गया है। इसी प्रकार सिविल सर्जन को दोनों स्थानों पर एम्बुलेंस और आवश्यक दवाओं के साथ मेडिकल टीमों की नियुक्त करने के निर्देश दिए। चुनाव सामग्री के प्रबंधन के लिए तहसीलदार कैथल और खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी गुहला को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये अधिकारी 16 मार्च को चंडीगढ़ से बैलेट पेपर और अन्य सामग्री प्राप्त करेंगे और मतदान के बाद 18 मार्च को सभी सीलबंद सामग्री को सुरक्षा के साथ वापस जमा करवाएंगे।

इसके अलावा, मास्टर ट्रेनर्स को निर्देश दिए गए हैं कि वे पोलिंग पार्टियों को कम से कम दो बार विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान करें ताकि मतदान के समय कोई तकनीकी बाधा न आए। डीसी अपराजिता ने स्पष्ट किया कि पूरी चुनाव प्रक्रिया का सुपरविजन नोडल अधिकारियों द्वारा किया जाएगा और मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण चुनाव से पूर्व ही सुनिश्चित किया जाएगा।

# दीपक सर्वसम्मति से बने अनाज मंडी ढांड के प्रधान


ढांड। दीपक शर्मा का स्वागत करते व्यापारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

अनाज मंडी ढांड की वार्षिक बैठक राधा कृष्ण धर्मशाला में संपन्न हुई, जिसमें मंडी प्रधान नसीब सिंह महदूद की उपस्थित न होने पर उनकी सहमति से वरिष्ठ उपप्रधान जोगिंद्र गुर्जर ने बैठक में पिछली कार्यकारणी से त्यागपत्र दे दिया। उन्होंने मंडी के आगामी संचालन की जिम्मेदारी मंडी हाउस को सौंपी। बैठक में मंडी से जुड़े सभी आढ़ती और व्यापारी उपस्थित रहे। बैठक में विचार-विमर्श के दौरान मंडी के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए सर्वसम्मति से पूर्व मंडी प्रधान नरेश को कार्यवाहक प्रधान नियुक्त किया गया। इस दौरान मंडी के नरेश सहारण ने मंडी हाउस में प्रधान चयन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते बैठक में मौजूद सभी आढ़तियों से विचार-विमर्श करने का आग्रह किया। बैठक में मंडी हाउस की ओर से दीपक शर्मा का नाम प्रस्तावित किया गया, जिस पर उपस्थित सभी आढ़तियों ने गहन विचार-विमर्श किया। मंडी व्यापारियों के हितों, व्यापारिक सुगमता और संगठन की मजबूती को ध्यान में रखते दीपक शर्मा के नाम पर सभी आढ़तियों ने सहमति जताई और उन्हें इस वर्ष के लिए मंडी प्रधान निर्वाचित किया गया। उनके चयन की घोषणा के बाद मंडी के आढ़तियों और व्यापारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और नए नेतृत्व के प्रति अपना समर्थन जताया।

### आढ़तियों ने किया स्वागत

नए मंडी प्रधान के रूप में दीपक शर्मा की नियुक्ति पर मंडी के व्यापारियों और आढ़तियों ने उन्हें बधाई दी और उनके नेतृत्व में मंडी के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद जताई। मंडी आढ़तियों ने दीपक शर्मा का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। जिन्होंने नए प्रधान को पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पूर्व प्रधान गुलाब पाबला, जितेंद्र गोयल पोला, लाला रामकुमार, नरेश सहारण आदि मौजूद रहे।

# फरवरी में 5117 वाहन चालकों पर ठोका जुर्माना

- सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए करें ट्रैफिक नियमों की पालना : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

ट्रैफिक पुलिस की अलग-अलग टीम बनाकर ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों के चालान काटे जा रहे है तथा साथ साथ आमजन को ट्रैफिक नियमों की पालना करने बारे भी जागरूक किया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी उपासना के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा बुलेट बाइक से पटाखे की आवाज निकालकर क्षेत्र में दहशत पैदा करने वाले तथा मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त बुलेट पर विशेष तौर पर पैनी नजर रखी जा रही है। इस दौरान फरवरी माह दौरान 20 बुलेट बाइको के चालान किए गए है। प्रवक्ता ने बताया कि फरवरी माह के दौरान यातायात पुलिस ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों से काफी सख्ती से पेश आई। माह के दौरान यातायात पुलिस द्वारा ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने के मामले में 33 इम्पाउंड व्हीकलों सहित कुल 5117 चालान किए गए तथा 31 लाख 4 हजार 100 रुपये का जुर्माना लगाया गया किए गए।


कैथल। वाहन चालकों से पूछताछ करते पुलिस कर्मचारी।

### लापरवाही न बरतें

प्रवक्ता ने कहा कि पुलिस द्वारा मुख्य रूप से वाहन पर बिना नंबर प्लेट के 248, लाइन चेंज के 221, बिना हेलमेट के 1902, ओवर स्पीड के 313, रोंग साइड के 843, बिना सीट बेल्ट के 312, शराब पीकर ड्राइविंग के 27, मोबाइल प्रयोग के 4, ब्लैक फिल्म के 4 तथा अंडर एज के 4 चालान किए गए है। एसपी उपासना ने कहा कि आमजन वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों के प्रति लापरवाही बरतते है जिस लापरवाही की वजह से हम खुद को दूसरों को परिवार के साथ धोखा करते है।

# एनवायरनमेंटल एजुकेशन और नेचुरल रिसोर्स के कंजर्वेशन पर की वर्कशॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड

लोकल डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत टीचर्स की स्किल्स को बढ़ाने के लिए एक खास वर्कशॉप ऑर्गनाइज़ की गई। वर्कशॉप का मेन थीम एनवायरनमेंटल एजुकेशन और नेचुरल रिसोर्स का कंजर्वेशन था। खुशी राम दलाल वर्कशॉप में कीनोट स्पीकर और फैसिलिटेटर थे। टीचर्स को एड्रेस करते हुए, उन्होंने कहा कि एनवायरनमेंटल एजुकेशन ऐसे जिम्मेदार नागरिक बनाने में जरूरी रोल निभाती है जो हमारे प्लैनेट को बचाने की इंपॉर्टेंस को समझते हैं। आज की दुनिया में, जहाँ पॉल्यूशन, डिफॉरेस्टेशन और क्लाइमेट चेंज जैसी एनवायरनमेंटल चुनौतियाँ तेजी से बढ़ रही हैं, स्टूडेंट्स को सस्टेनेबल लिविंग और नेचुरल रिसोर्स के कंजर्वेशन के बारे में एजुकेट करना जरूरी हो गया है। स्कूल युवाओं में एनवायरनमेंटल अवेयरनेस को बढ़ावा देने की नींव का काम करते हैं। पेड़ लगाने की ड्राइव, सफाई कैंपेन, वॉटर कंजर्वेशन प्रोजेक्ट्स और अवेयरनेस रैलियों जैसी एक्टिविटीज़ के ज़रिए, स्टूडेंट्स हवा, पानी, मिट्टी, जंगल और वाइल्डलाइफ को बचाने की वैल्यू सीखते हैं।


ढांड। वर्कशाप के दौरान मुख्य अतिथि व स्कूल स्टाफ।

# विद्यार्थियों को पढ़ाया साइबर अपराध से बचाव का पाठ


कैथल। एएसआई विनोद कुमार राजकीय आईटीआई के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- ऑनलाइन ठगी पर जितनी जल्दी हो सके तुरंत नेशनल साइबर कंप्लेंट पोर्टल नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करवाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

बुधवार को साइबर थाना प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की अगुवाई में एएसआई विनोद कुमार की टीम द्वारा आईटीआई कैथल में विद्यार्थियों सहित स्टाफ को साइबर अपराधों से बचाव बारे जागरूक किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा सभी को जानकारी दी गई कि किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया या साइट पर दी गई जानकारी को पूर्ण न समझे। साइबर अपराधी आपको पैसे कमाने का, पैसे डबल करने का या अन्य तरीके का प्रलोभन देकर आपकी निजी जानकारी हासिल करते है। जिसके बाद फोन पर ओटीपी भेजकर या अन्य तरीके से आपके खाते को खाली कर देते है। साइबर ठग आपको फोन पर कुछ मिनटों में लाखों रुपए का लोन सस्ती दरो पर देने का दावा करते है और आपकी जानकारी हासिल कर आपके खाते से रकम को अपने खाते में ट्रांसफर कर लेते है। साइबर अपराधी स्मार्ट फोन से मोबाइल ऐप, इंटरनेट बैंकिंग व अन्य तरीको से लोगों के साथ धोखाधड़ी कर पैसे हड़प रहे है जिससे पीड़ित व्यक्ति को आर्थिक हानि के साथ 2 कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पडता है। कोई भी व्यक्ति आपको किसी भी तरह का लॉटरी, इनाम या अन्य चीजें जीतने का प्रलोभन देता है तो आपको समझना चाहिए की जालसाज आपके खाते से पैसे हड़पना चाहता है। साइबर अपराधियों के इन सब तरीके के बारे मे अपने परिवार को अवगत कराये व उनको साइबर अपराध बारे जागरूक करे। अगर आपके साथ किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी हो जाती है तो जितनी जल्दी हो सके तुरंत नेशनल साइबर कंप्लेंट पोर्टल नंबर 1930 पर कॉल करें करके शिकायत दर्ज करवाये।

# समाधान शिविरों में आई शिकायतों का यथाशीघ्र- प्रभावी निपटारा करें: डीसी

- शिकायतकर्ताओं से पूछा-समाधान हो गया?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीसी अपराजिता ने शुक्रवार को साप्ताहिक समाधान शिविर में कई शिकायतकर्ताओं से उनकी शिकायत के समाधान के बारे में जानकारी ली। समाधान न होने पर संबंधित विभाग के अधिकारियों से जवाब भी तलब किए और शिकायतों के तुरंत समाधान के निर्देश जारी किए। डीसी ने कहा कि सभी अधिकारी समाधान शिविरों में प्राप्त होने वाली शिकायतों का यथाशीघ्र और प्रभावी रूप से निपटारा सुनिश्चित करें। समाधान शिविर हरियाणा सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। जन शिकायतों के समाधान में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी अपराजिता शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थीं। बैठक में एडीसी डा. सुशील कुमार, डीएमसी कपिल शर्मा, जिप सीईओ सुरेश राविश आदि मौजूद रहे।


कैथल। डीसी अपराजिता समाधान शिविर में लोगों की शिकायत सुनते हुए।

# यात्रा से कांग्रेस को मजबूती प्रदान करेंगे : बृजेंद्र सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सद्भावना यात्रा का बहुत गजब लोगों का समर्थन मिल रहा है। 58वीं विधानसभा कैथल में सद्भावना यात्रा पहुंची है। यात्रा का पांचवा चरण कैथल से शुरू हुआ है। इस चरण में 13 विधानसभा रहेगी। कोयल परिसर में पत्रकार वार्ता करते यह जानकारी पूर्व सांसद व कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह ने दी। कहा कि ऐसा लग रहा है कि मई के पहले सप्ताह में यात्रा का समापन होगा। 5 अक्तूबर को यात्रा का आगाज हुआ था। जब से यात्रा शुरू हुई है तभी से लोगों का पूर्ण समर्थन मिल रहा है। लोगों के दम पर ही लंबी यात्रा चल रही है। कांग्रेस पार्टी के झंडे के नीचे कांग्रेस पार्टी की यह यात्रा है। इस यात्रा से कांग्रेस को मजबूती प्रदान करेंगे। इस मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर, जोगी राम पूर्व विधायक, कांग्रेस नेता सुदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

### स्वच्छता को लेकर सीवन नगर पालिका सक्रिय

# कर्मियों ने रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति किया प्रेरित

**कचरा सड़कों या नालियों में फेंकने के बजाय निर्धारित स्थानों पर ही डालें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से सीवन नगर पालिका द्वारा स्वच्छता को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत नगर पालिका के कर्मचारियों ने शहर के विभिन्न बाजारों और मोहल्लों में रैली निकालकर लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया। नगर पालिका सचिव दीपक कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस रैली का नेतृत्व एस.आई. बलजीत सिंह ने किया। रैली के दौरान कर्मचारियों ने बाजारों में जाकर दुकानदारों और आम नागरिकों से अपील की कि वे कचरा सड़कों या नालियों में फेंकने के बजाय निर्धारित स्थानों पर ही डालें, ताकि शहर की स्वच्छता बनी रहे।



सीवन। स्वच्छता जागरूकता रैली निकालते नगर पालिका के कर्मचारी।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए नगर पालिका के साथ-साथ आम लोगों की भागीदारी भी बेहद जरूरी है। यदि नागरिक सहयोग करेंगे तो शहर को साफ-सुथरा रखना आसान हो जाएगा। रैली के दौरान दुकानदारों को विशेष रूप से दुकानों के आसपास सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि कई स्थानों से दुकानों के बाहर कचरा जमा होने की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके चलते बाजार क्षेत्र में निरीक्षण भी किया गया और लोगों को मौके पर ही स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। नगर पालिका अधिकारियों ने चेतावनी दी कि भविष्य में यदि किसी भी सार्वजनिक स्थान पर कचरा फैलाते हुए पाया गया तो संबंधित व्यक्ति या दुकानदार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका शहर में नियमित रूप से सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रयास कर रही है और आगे भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम जारी रहेंगे। इस अवसर पर भतेरी देवी मोटिवेटर, विकास कुमार, दर्शन सिंह, संजीव कुमार, शिवानी, राजकिशन व गोविंद सहित नगर पालिका के कई कर्मचारी व अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### चेयरपर्सन रेखा के खिलाफ पार्षदों का धरना टला

**चीका।** नपा चीका की चेयरपर्सन डॉ. रेखा रानी की कार्यप्रणाली के विरोध में असंतुष्ट पार्षदों द्वारा शुक्रवार को दिए जाने वाले सांकेतिक धरने का ऐलान अंततः ऐलान ही बनकर रह गया। निर्धारित दिन पार्षद नपा कार्यालय तो पहुंचे, लेकिन बिना धरना दिए वापस लौट गए। पार्षदों की ओर से बताया गया कि चेयरपर्सन के पीए का फोन आया था, जिसमें जल्द ही हाउस की बैठक बुलाने का आश्वासन दिया।

### सीआरएसयू जींद को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान

**जींद।** हरियाणा के लिए गर्व का विषय है कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय को यूरोप की प्रतिष्ठित विज्ञान एवं शोध फंडिंग संस्था एफसीटी पुर्तगाल के साथ एक कोलाबरेटिव इंस्टीटयूट के रूप में पंजीकृत किया गया है। इस उपलब्धि के साथ अब सीआरएसयू के शिक्षक और शोधकर्ता यूरोप के विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के साथ मिल कर अंतरराष्ट्रीय शोध परियोजनाओं तथा फंडिंग कार्यक्रमों में भाग ले सकेंगे।

### इतिहास व जीव विज्ञान की परीक्षा नकल रहित संपन्न

**जींद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित 12वीं कक्षा की इतिहास और जीव विज्ञान विषय की परीक्षा नकल रहित रही। बोर्ड स्तर एसडीएम स्तर व अन्य अधिकारियों की फ्लाइंग स्क्वाड टीमें गठित की गई हैं। परीक्षा केंद्र के बाहर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। केंद्र में प्रवेश करते समय विद्यार्थियों के एडमिट कार्ड की जांच की जाती है। विद्यार्थियों के लिए निर्देश है कि बिना वैध प्रवेश पत्र के केंद्र में प्रवेश नहीं होगा।

### रिंकू घनघस का विज्जी ट्रॉफी के लिए चयन

**जींद।** जींद के हरियाणा क्रिकेट गुरुकुल के खिलाड़ी रिंकू घनघस ने प्रतिष्ठित विज्जी ट्रॉफी के लिए नोर्थ जोन की टीम में अपनी जगह बनाकर जिले का नाम रोशन किया है। रिंकू को टीम के एक मुख्य खिलाड़ी के रूप में शामिल किया गया है, जो उनकी प्रतिभा और कड़ी मेहनत का प्रमाण है। विज्जी ट्रॉफी के रोमांचक सफर में नोर्थ जोन की टीम ने अपने शानदार खेल के दम पर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

### संत कंवर महाराज 8 को देंगे श्रद्धालुओं को आशीर्वाद

**जींद।** राधा स्वामी सत्संग दिनोद के सेवादार संदीप खरकिया ने बताया कि राधा स्वामी दिनोद के परम संत कंवर महाराज जी आठ मार्च रविवार को जींद भिवानी रोड स्थित गांव बीबीपुर राधा स्वामी आश्रम में संगत को सत्संग एवं आशीर्वाद देंगे। सत्संग में आसपास क्षेत्र से हजारों की संख्या में राधा स्वामी के श्रद्धालु भाग लेंगे। सत्संग में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा मेगा हेल्थ कैंप

**कैथल।** कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस व नवीन जिन्दल फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं सांसद नवीन जिंदल के 56वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में कैथल में एक मेगा हेल्थ कैंप आयोजित किया जाएगा। कैथल में यह स्वास्थ्य शिविर 8 मार्च 2026 को आरकेएसडी कॉलेज में सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

### सीसीएल के लिए डीसी दफ्तर के काटने पड़ेंगे चक्कर

**कैथल।** शिक्षा विभाग फिल्ड स्कूल में काम करने वाली महिला कर्मियों को अब चाईल्ड केयर लीव (सीसीएल) लेना हुआ कठिन। महिला कर्मियों को सीसीएल के लिए स्कूल,बीईओ, डीईओ, डीईओ, डायरेक्टर दफ्तर के चक्कर काटने पड़ते थे अब डीसी दफ्तर में भी जाकर गुहार लगानी पड़ेगी।

### रोजगार मेले का आयोजन 13 मार्च को

**कैथल।** युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय, कैथल द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इस रोजगार मेले का आयोजन 13 मार्च को प्रातः 10 बजे से आरकेएसडी कॉलेज के प्रांगण में किया जाएगा।

---

### बैठक में 20 एजेंडे रखे गए, 14 एजेंडों पर हुई सुनवाई

# जनसमस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों में तालमेल नहीं: सैलजा

**रेलवे स्टेशन नरवाना का मुख्य द्वार भी चौड़ा नहीं हुआ, फिर स्टेशन ही बंद करवा देते हैं**

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद





जींद। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद कुमारी सैलजा, सांसद जयप्रकाश व सांसद सोनीपत ब्रह्मचारी व बैठक में मौजूद लोग। *फोटो: हरिभूमि*

डीसी और एडीसी साहब व्यवस्था बनाइए। समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों का तालमेल नहीं है। वहीं रेलवे स्टेशन नरवाना का मुख्य द्वार भी चौड़ा नहीं हुआ है। फिर स्टेशन ही बंद करवा देते हैं। सिरसा लोकसभा क्षेत्र सांसद कुमारी सैलजा ने शुक्रवार को डीआरडीए हाल में हुई जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति बैठक को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ हिसार लोकसभा के सांसद जयप्रकाश और सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी भी मौजूद रहे। जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति में 21 एजेंडे रखे गए थे। जिनमें 14 एजेंडों पर सुनवाई हुई। बैठक की शुरुआत में रेलवे स्टेशन नरवाना के मुख्य द्वार का मुद्दा उठाया गया, जो कि दोनों तरफ दुकानों के कारण रास्ता संकीर्ण हो गया है। ऐसे में वहां से आवागमन प्रभावित हो रहा है। पिछली बैठक में भी यह मुद्दा उठाया गया था। जिस पर रेलवे अधिकारियों ने इस पर जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था लेकिन इस बैठक तक भी यह मामला ज्यों का त्यों रहा। जिस पर सांसद कुमारी सैलजा ने तेवर दिखाते हुए रेलवे अधिकारी जयभगवान की क्लास लेते हुए कहा कि जल्द ही इस पर कार्रवाई कीजिए। रेलवे अधिकारी जयभगवान ने कहा कि स्टेशन के मुख्य द्वार पर नगर परिषद की दुकान है। इस पर कुमारी सैलजा ने नगर परिषद के नगरायुक्त सुरेंद्र दुहन से जवाब मांगा। इसके बाद सांसद जयप्रकाश ने बड़ौदा हाल्ट पर ट्रेन ठहराव को लेकर अधिकारियों से सवाल-जवाब किए। इस पर रेलवे अधिकारियों ने कहा कि यह मामला रेलवे के उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया हुआ है। इसके बाद सांसद जेपी ने पूछा कि जिले में कितनी महिलाएं लखपति बन गई हैं। इस पर सुनील कुमार ने कहा कि जिले से 2496 महिलाएं लखपति बन गई हैं, जिनकी सालाना आए एक लाख से कम थी। कितने शर्म की बात है कि सालाना आय एक लाख भी कम नहीं है।


#### लोगों की मांग अनुरूप करें विकास कार्यः सांसद

सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कुमारी शैलजा ने कहा कि जिला में संचालित विकास कार्य पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ-साथ रफ्तार से पूरा करना सुनिश्चित करें ताकि आमजन को योजनाओं का लाभ बिना देरी के समयबद्ध व निष्पक्षता के साथ मिल सके। इसके अलावा सरकार द्वारा जनहित के लिए चलाई जा रही योजनाओं को पात्र व्यक्तियों तक अविलम्ब पहुंचाया जाएं। सांसद शुक्रवार को स्थानीय डीआरडीए के सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 21 एजेंडों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों ने योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में सांसदों ने एजेंडा बिंदुओं की एक-एक कर समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ पेयजल और साफ.-सफाई बेहद जरूरी है।

#### दिशा-निर्देश दिए

सांसद कुमारी शैलजा ने रेलवे अधिकारियों से नरवाना रेलवे स्टेशन पर लंबित कार्य के बारे में जानकारी ली। जिस पर संबंधित अधिकारियों ने बताया कि नरवाना रेलवे स्टेशन का निमार्ण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, शेष कार्य के लिए टेंडर लगाए गए है। सांसदों द्वारा नगर निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्ट्रीट वेंडर को एक निश्चित स्थान मुहैया करवाया जाए। बैठक में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा, पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, एडीसी प्रदीप कुमार, जींद के एसडीएम सत्यवान मानए नरवाना के एसडीएम जगदीश चंद्र, सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा, एसडीएम होशियार सिंह आदि मौजूद रहे।

---



उचाना। लोगों की समस्याओं को सुनते हुए सांसद जयप्रकाश। *फोटो: हरिभूमि*

### तीसरे उम्मीद्वार की एंट्री पर बोले जेपी

# नांदल जैसे आए है वैसे ही वापस चले जाएंगे

- कहा: कांग्रेस के 37 विधायक चट्टान की तरह मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना

पीडब्लयूडी विश्राम गृह हिसार लोकसभा से कांग्रेस सांसद जयप्रकाश पहुंचे। यहां पहुंचने पर उनका कार्यकताओं ने स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्यसभा चुनाव में तीसरे आजाद उम्मीदवार की इंट्री पर सांसद जयप्रकाश ने कहा कि वो जैसे आए है वैसे चला जाएगा। प्रदेश के लोग इस चुनाव में उन लोगों को भी समझ जाएंगे जो यहां आकर कुछ कहते है वहां जाकर कुछ कहते है। अब पता चल जाएंगे वो किसकी तरफ जाएंगे दो विधायक उनके पास है। कांग्रेस के पास 37 विधायक है। सभी विधायक चट्टान की तरफ मजबूत है। सरकार के रूखेपन की वजह से प्रदेश का नौजवान डंकी रूट के माध्यम से विदेश में जा रहा है सरकार पूरी तरह से फेल है।

उचाना विकास रैली पर बोलते हुए सांसद ने कहा कि रजबाहा की मांग पर सीएम ने कहा कि वो कमेटी बनवाएंगे। कमेटी से रजबाहा बनते है क्या। उस कमेटी की क्या पॉवर है। इस क्षेत्र को कुछ देने की मंशा इनकी नहीं है। जयप्रकाश ने कहा कि मेरी व्यक्तिगत राय है कि बिहार सीएम नीतिश कुमार के ऊपर दबाब नजर आ रहा है। उनकी पार्टी के कार्यकर्ता इस फैसले से रो रहे है। धोखा किया है भाजपा ने उनके साथ। हरियाणा में जितनी क्षेत्रीय पार्टी भाजपा के साथ लगी हुई है वो सारी समाप्त कर दी। जो बचे है उनको आने वाले समय में खत्म कर देंगे। भाजपा क्षेत्रीय पार्टियों के विरोधी है उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की पेंशन ऐसी रखनी चाहिए जैसे एमपी, विधायक, सेवानिवृत्त कर्मचारियों की। इसका नाम सम्मान पेंशन है इसमें कोई नियम नहीं होना चाहिए। जिसकी उम्र 60 साल की हो उसकी कितनी ही सम्पत्ति हो या ना हो सबको पेंशन मिलनी चाहिए।

---

# महिलाओं ने बताई पेयजल संरक्षण की कहानी

- विश्व महिला दिवस पर जिलाभर की 35 महिलाएं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद



जींद। महिलाओं को सम्मानित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

विश्व महिला दिवस के उपलक्ष में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल संरक्षण सहित जल जीवन मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली 35 महिलाओं को खंड विकास एवं पंचायत विभाग के बैठक हॉल में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रशंसा पत्र व समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षक अभियंता विक्रम सिंह मोर मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रह कर प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यकारी अभियंता भानू प्रकाश शर्मा अति विशिष्ठ अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। जबकि उपमंडल अभियंता रणवीर सिंह व उपमंडल अभियंता राकेश शर्मा वशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सलाहकार रणधीर मताना ने की। अधीक्षक अभियंता विक्रम सिंह मोर ने कहा कि महिलाओं का समाज में अहम योगदान है। महिलाओं के समाज में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान, उनके संघर्ष को याद दिलाने के लिए आठ मार्च का दिन विश्व महिला दिवस के उपलक्ष में मनाया जाता है। विश्व महिला दिवस की शुरूआत उत्तरी अमेरिका व युरोप में महिला श्रमिक के आंदोलनों से हुई थी। पहला महिला दिवस 1911 में मनाया गया था। जबकि 1917 में रूस की महिलाओं ने आठ मार्च से अपने अधिकारों के लिए हड़ताल शुरू की थी।

#### ये रहे उपस्थित


जिला सलाहकार ने कहा कि सभी गांव की ग्राम जल एवं सीवरेज समिति में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को शामिल किया जा रहा है। ये महिलाएं ग्राम पंचायत व कमेटी के साथ मिल कर पेयजल आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण कार्य करेगी। इस मौके पर खंड समन्वयक दिनेश मलिक, सुरेन्द्र दुग्गल, ईश्वर सिंह, बलवान सिंह, सोमलता सैनी, कुशल शर्मा व सुरेन्द्र नरवाल, सीडीपीओ कांता यादव, सुलोचना, संतोष यादव, सुमन आदि मौजूद रही।

# गंदे पानी की भेंट चढ़ी गेहूं की फसल

- शहर के पुंडरी मार्ग पर प्रशासन की अनदेखी का शिकार हो रहे किसान, फसलों में नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

नगर के पुण्डरी मार्ग पर प्रशासन की अनदेखी और किसान की मजबूरी साफ दिखाई दे रही है। नगर की आबादी से सटे खेतों में गंदे पानी के भराव के कारण किसानों की खड़ी फसल बर्बाद हो रही है। जानकारी के अनुसार यह जमीन पूर्व कान्फैड चेयरमैन अजमेर सिंह की है, जिसे किसान सुखपाल सिंह ने ठेके पर लिया हुआ है। किसान सुखपाल सिंह ने बताया कि उसके खेत में खड़ी गेहूं की फसल गंदे पानी के कारण पूरी तरह नष्ट हो गई है।



राजौंद। खेतों में गंदा पानी भरने से किसान की खराब हुई गेहूं की फसल।

#### प्रशासन की अनदेखी बनी अभिशाप

उन्होंने कहा कि पहले ही खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है और ऊपर से सरकार व प्रशासन की अनदेखी किसानों के लिए अभिशाप बन रही है। उन्होंने बताया कि नगर से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण गंदा पानी उसके खेत में जमा हो रहा है। इस पानी की चपेट में आने से कई एकड़ गेहूं की फसल पूरी तरह खराब हो गई। किसान ने यह भी बताया कि इस समस्या के बारे में नगर पालिका व संबंधित अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन इसके बावजूद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

---

# जिन्दल फाउंडेशन ने लगाया शिविर

- 1021 छात्राओं ने लिया स्वास्थ्य जागरूकता व जांच का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



कैथल। मैडिकल स्टाफ को सम्मानित करते पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

कैथल के इंदिरा गांधी महिला कॉलेज में नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा मैडिकल व जागरूकता कैंप लगाया गया। इस शिविर का उद्देश्य किशोरियों के समग्र स्वास्थ्य और उनके शारीरिक, मानसिक, सामाजिक तथा मनोवैज्ञानिक विकास को सुदृढ़ करना था। इस कैंप में कुल 1021 किशोरियों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जागरूकता सत्रों और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। यह पहल सांसद नवीन जिन्दल की उस सोच को दर्शाती है कि “आज बेटियों की प्रगति ही कल राष्ट्र की प्रगति है।” कैंप के दौरान छात्राओं के लिए विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।

#### संघर्षों और उपलब्धियों को किया साझा

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के फतेहाबाद की पावरलिफ्टर हर्षिता रानी को आमंत्रित किया गया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए अपने जीवन के संघर्षों और उपलब्धियों को साझा किया तथा उन्हें आत्मविश्वास, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया।

# खाटू श्याम महोत्सव से पहले निकाली निशान यात्रा

- उत्साह के साथ निशान यात्रा की शुरुआत रघुनाथ मंदिर से होकर अनाज मंडी में संपन्न हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी



पूंडरी। निशान यात्रा में भाग लेते हुए श्रद्धालु। *फोटो: हरिभूमि*

पूंडरी में श्री श्याम परिवार ट्रस्ट पूंडरी की ओर से शुक्रवार शाम श्री खाटू श्याम निशान यात्रा बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। यात्रा की शुरुआत रघुनाथ मंदिर से हुई और यह मुख्य बाजार से होती हुई शनिवार को अनाज मंडी में होने वाले श्री खाटू श्याम फाल्गुन विशाल महोत्सव स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। निशान यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु हाथों में श्याम बाबा के निशान लेकर पैदल चल रहे थे और पूरे मार्ग में “जय श्री श्याम” के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रधान प्रवीण गर्ग ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्याम परिवार ट्रस्ट की ओर से श्री खाटू श्याम फाल्गुन विशाल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में देश-प्रदेश के प्रसिद्ध भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कलाकार मयंक अग्रवाल, बंटू भैया दिल्ली, रेखा सुरभि कैथल भजनों की प्रस्तुति देंगी, जबकि मंच संचालन टोनी द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा रवि वर्मा सिंगार में, मोहित ठेकेदार फतेहपुर दरबार की, वहीं समाजसेवी रॉबिन गोलन तथा मुकेश फतेहपुर भी कार्यक्रम में अपना विशेष योगदान देंगे।

#### ये रहे मौजूद

निशान यात्रा में मुख्य रूप से चेयरमैन नरेंद्र गर्ग, राजेंद्र गर्ग, सतीश जांबा, शिवकुमार, नरेश मित्तल, सरपंच प्रतिनिधि सौरभ वर्मा, अशोक मित्तल, राजेश गोयल, मनीष गर्ग, पवन गर्ग बाता, राजीव सिंगला, मनीष मित्तल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

---

### सरकारी स्कूल छात्राओं व रोडवेज बस के चित्रण पर मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग

**महिला आयोग ने भेजा नोटिस, भाकियू भी मैदान में उतरी**

# बादशाह के नए गीत ‘टटिहरी’ को लेकर हरियाणा में विवाद गहराया

- गीत के दृश्यों व कुछ शब्दों को लेकर जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

प्रसिद्ध गायक और रैपर बादशाह के हाल ही में रिलीज़ हुए गीत ‘टटिहरी’ को लेकर हरियाणा में विवाद गहराता जा रहा है। गीत के वीडियो में हरियाणा के सरकारी स्कूल की छात्राओं को यूनिफॉर्म में बैग टांगे हुए दिखाया गया है। साथ ही वीडियो में हरियाणा रोडवेज की बस, ग्रामीण परिवेश और हरियाणवी संस्कृति से जुड़े दृश्य भी प्रदर्शित किए गए हैं। इन्हीं दृश्यों और गीत के कुछ शब्दों को लेकर आपत्ति जताई गई है। अखिल भारतीय सहारण खाप के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी नरेन्द्र सिंह सहारण ने इस संबंध में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर औपचारिक

#### आपत्तिजनक पंक्ति पर उठे सवाल

सहारण ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि गीत की शुरुआती पंक्तियां हरियाणवी लोक शैली में हैं, जो सांस्कृतिक रंग प्रस्तुत करती हैं। किंतु रैप भाग में प्रयुक्त पंक्ति— “आया मैं टोली चढ़ाने, इन सबकी घोड़ी बनाने।” को उन्होंने गंभीर आपत्ति का विषय बताया है। उनका कहना है कि “घोड़ी बनाना” शब्द का प्रयोग सामान्य बोलचाल में कई बार अपमानजनक या अशोभनीय अर्थों में लिया जाता है। जब ऐसे शब्दों को सरकारी स्कूल की छात्राओं के दृश्य के साथ जोड़ा जाता है, तो यह अत्यंत चिंताजनक प्रतीत होता है और समाज में गलत संदेश प्रसारित कर सकता है।

#### बेटियों की गरिमा और प्रदेश की छवि का मुद्दा

पत्र में कहा गया है कि सरकारी स्कूलों की छात्राएं प्रदेश की बेटियां हैं और हरियाणा रोडवेज राज्य की पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इन संस्थानों और छात्राओं को किसी भी संदिग्ध या आपत्तिजनक संदर्भ में दिखाना न केवल उनकी गरिमा को प्रभावित करता है, बल्कि प्रदेश की सामाजिक और सांस्कृतिक छवि पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। उन्होंने कहा कि गीत ‘टटिहरी’ के बोल और वीडियो की सामग्री की निष्पक्ष जांच करवाई जाए। यदि जांच में सामग्री आपत्तिजनक या मर्यादा के विपरीत पाई जाए तो उचित कानूनी और प्रशासनिक कार्यवाही की जाए।


#### महिला आयोग को भेजी शिकायत

पानीपत की महिला सविता आर्य ने हरियाणा महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई। रोहतक के एडवोकेट राजनारायण पंघल ने स्टेट कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स में भी इस गीत के खिलाफ कंप्लेंट की। खाप पंचायतें, अध्यापक संगठन, सरपंच, किसान यूनियनें और कई समाजसेवी लगातार मोर्चा खोल रहे हैं।

### कथित अश्लील गाने को लेकर रोडवेज महाप्रबंधक ने दी पुलिस को शिकायत

- बिना अनुमति के सरकारी विभाग की बस, नाम व चिन्ह का नहीं कर सकते उपयोग

**जींद।** गत एक मार्च को रीलिज हुए गाने टटीरी को लेकर विवाद थमने का नाम नही ले रहा है। इस गाने में एक रोडवेज की बस पर लड़कियां नाचती दिखाई दे रही हैं। हरियाणा राज्य परिवहन जींद डिपो के महाप्रबंधक ने इस मामले में शिकायत सिविल लाइन थाना को दी है। जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि टटीरी गाने में आदित्य प्रतीक सिंह सिसोदिया (बादशाह गायक) टटीरी गाने में हरियाणा राज्य परिवहन की बस अथवा हरियाणा राज्य परिवहन जींद के अंतर्गत किलोमीटर स्कीम के तहत चलने वाली लीज बस का प्रयोग किया जाना संज्ञान में आया है। इस गाने में प्रयोग की गई बस के संबंध में इस आगार से पूर्व में



कोई अनुमति नही ली गई है। सरकारी विभाग की बस, नाम व चिन्ह अथवा पहचान का बिना परमिशन के किसी व्यवसायिक वीडियो, गीत में उपयोग करना उचित नही है। इस गाने में लड़कियों की अभद्र भाषा का भी प्रयोग किया गया है। जिसके कारण परिवहन विभाग की छवि धूमिल हुई है। इसलिए आदित्य प्रतीक सिंह सिसोदिया (बादशाह गायक) के खिलाफ कार्रवाई की जाए। जीएम ने पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है।